भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2315

दिनांक 6 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत मंडपम

2315. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा प्रगति मैदान सुरंग, प्रगति मैदान के निकट स्थित भारत मंडपम और द्वारका में यशोभूमि के निर्माण पर कुल कितनी निधि व्यय की गई है;

(ख) क्या दिल्ली सरकार द्वारा प्रगति मैदान सुरंग के निर्माण में व्यय का अंश दिया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सरकार के विरूद्ध उसके अंशदान का संदाय करने में विफल रहने पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): परियोजना "मथुरा रोड, भैरों मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग पर एकीकृत ट्रांजिट कॉरिडोर विकास योजना का निर्माण और प्रगति मैदान के नीचे भूमिगत सुरंग द्वारा मथुरा रोड को महात्मा गांधी मार्ग से जोड़ना" के लिए कुल व्यय राशि 904.19 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के लिए यूडीएफ (शहरी विकास निधि), जिसका रखरखाव एमओएचयूए (आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय) द्वारा किया जाता है, से 728.14 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, और जिसका अभिरक्षक डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) है। इसके अलावा, आईटीपीओ (भारत व्यापार संवर्धन संगठन) द्वारा अपनी स्वयं की राशि से परियोजना के लिए 176.05 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

यशोभूमि, द्वारका के लिए 4757.35 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जिसमें भारत सरकार से इक्विटी के रूप में 2442.39 करोड़ रुपए शामिल हैं।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

****